**दिनांक 09/08/2018 को नगर परिषद्, सहरसा में स्वीकृत स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज योजना के कार्यान्वयन की धीमी गति तथा कार्यान्वयन के क्रम में क्षतिग्रस्त पथों की समीक्षा हेतु गठित दल–i श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रबंध निदेशक, बुडको ii श्री जयप्रकाश मंडल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग iii श्री अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता, बुडा, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा समीक्षा की कार्यवाही निम्नवत हैः–**

1. समीक्षा दल के द्वारा योजना कार्यान्वयन की धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। ऐजेन्सी को एकरारनामा के अनुरूप समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।
2. प्रथम चरण में स्वीकृत 11.5 किलो मीटर ड्रेनेज Drainage निर्माण के विरूद्ध एजेन्सी द्वारा अभी तक लगभग 3.5 किलो मीटर ड्रेनेज Drainage निर्माण पूर्ण किया गया है, परन्तु अभी तक Outfall को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।
3. Outfall की जगह में भू–स्वामित्व को लेकर स्थिति स्पष्ट करने हेतु अपर समाहर्त्ता, सहरसा द्वारा अमीन प्रतिनियुक्त कर मामले को त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिया। पुनः Outfall के सामने रेलवे की पटरी भी जाती है। विकल्प के रूप में इससे हो कर ट्रेचिंग हेतु डी0आर0एम0 समस्तीपुर से एन0ओ0सी0 प्राप्त करने पर सहमति बनी।
4. रेलवे से सहमति/एन0ओ0सी0 प्राप्त करने के लिए परियोजना निदेशक BUIDCO को पहल कर के सक्षम प्राधिकार से पत्र निर्गत कराने हेतु निदेशित किया गया।
5. पॉलिटैकनिक ढाला के पास अधूरे बने पंपिंग स्टेशन को देखकर भी समिति ने नाराजगी जतायी तथा इसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु परियोजना निदेशक को निदेश दिया। साथ ही स्थल पर मौजूद जीर्ण–शीर्ण भवन को भी नियमानुसार ध्वस्त कर स्थल को मुक्त करने हेतु निदेश दिया गया एवं well का निर्माण अविलम्ब पूर्ण कर pump चालू करने का निदेश दिया गया, ताकि 3.5 कि0मी0 में किये गये कार्य की पूर्ण उपयोगिता हो सके।
6. परियोजना के इस Stretch (स्ट्रेच) मे समिति ने पाया कि ड्रेनेज Drainage के उपर स्लैव Slab ढालने की गति बढाने की आवश्यकता है। साथ ही जिधर से ड्रेनेज Drainage गया है, उस ओर क्षतिग्रस्त रोड को शीघ्र Restore किया जाय। नगर परिषद, सहरसा की ओर से बताया गया कि ड्रेनेज Drainage निर्माण के क्रम में भारी मशीनरी के उपयोग से रोड का लगभग सम्पूर्ण हिस्सा ही क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे Restore कराये जाने का अनुरोध किया गया।
7. परियोजना निदेशक को बुडको द्वारा कराये जानेवाले Storm Water Drainage की पूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने हेतु भी निदेश दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित हो सके।
8. समिति द्वारा उन स्थलों को भी देखने की इच्छा प्रकट की गई, जिधर से होकर ड्रेनेज जाना है, पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस क्रम में थाना चौक से

शंकर चौक, सब्जी बाजार, चांदनी चौक होते हुए सुलिन्दावाद के रास्ते में सर्वा ढाला तक का निरीक्षण किया गया। समीक्षा दल द्वारा इस क्षेत्र में शीघ्र ही ड्रेनेज निर्माण प्रारंभ कराये जाने की आवश्यकता जतायी गई। त्वरित रूप से इधर के हिस्से वाले शहर के जल –जमाव की निकासी हेतु सर्वप्रथम सर्वा ढाला से ट्रेचिंग कार्य को सबसे पहले पूर्ण करने का निर्देश समिति द्वारा परियोजना निदेशक BUIDCO को दिया गया।

9. परियोजना निदेशक, को इस कार्य हेतु सक्षम प्राधिकार से पत्र निर्गत कराने हेतु रेलवे से NOC प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

10. समीक्षा दल की जिला प्रशासन के साथ बैठक में जिला पदाधिकारी, सहरसा द्वारा कार्य की धीमी गति तथा चल रहे कार्य को पूर्ण न कर पाने पर समीक्षा दल का ध्यान आकृष्ट कराया गया। पुनः जिलाधिकारी, सहरसा द्वारा NH -107 से लगे भू–भाग पर ड्रेनेज निर्माण हेतु अब तक NOC प्राप्त नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। अपर समाहर्त्ता, सहरसा द्वारा प्रथम चरण में छूट गये सहरसा शहर के महत्वपूर्ण हिस्सों जहाँ जल – जमाव की समस्या गंभीर है, की ओर ध्यान दिलाया गया। जिला प्रशासन द्वारा समिति के समक्ष सहरसा में जल–जमाव के कारण विधि –व्यवस्था के प्रश्न पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया।

11. समिति द्वारा जिला प्रशासन द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के आलोक में शीघ्र ही शहर के छूटे हिस्सों में सर्वे के आधार पर डी0पी0आर0 बनाने हेतु टीम भेजने का आश्वासन दिया गया। NH-107 पर ड्रेनेज हेतु NHAI से NOC प्राप्त करने हेतु परियोजना निदेशक को सक्षम प्राधिकार से पत्र निर्गत कराने हेतु निदेशित किया गया।

12. जिलाधिकारी, सहरसा द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण हेतु मत्स्यगंधा झील के चारो ओर R.C.C सड़क निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का अनुरोध समिति से किया गया । मत्स्यगंधा का आधा हिस्सा ग्राम पंचायत के अन्तर्गत एवं आधा हिस्सा नगर परिषद में आता है। E.O सहरसा से कहा गया की आयोजना क्षेत्र के अन्तर्गत यदि पूर्ण हिस्सा नगर परिषद क्षेत्र में पड़ता है तो D.M के अनुरोध पर मत्स्यगंधा के चारो तरफ R.C.C रोड एवं पेवर ब्लॉक लगाने का DPR D.M के निदेशानुसार तैयार कराया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 14/8/18 | 14.08.18 | 14.8.18 |
| (अशोक कुमार) | (जय प्रकाश मंडल) | (अमरेन्द्र कुमार सिंह) |
| अधीक्षण अभियंता (बुडा) | विषेश सचिव | प्रबंध निदेशक, |
| नगर विकास एवं आवास विभाग | नगर विकास एवं आवास विभाग | बुडको |

ज्ञापांक– 4438 पटना, दिनांक– 14/8/18

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/जिला पदाधिकारी, सहरसा, को सूचनार्थ प्रेषित।

14.08.18

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक– 4438 पटना, दिनांक– 14/8/18

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक बुडको, कार्यपालका पदाधिकारी, नगर परिषद सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

14.08.18

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग